## कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण की शासी निकाय की बैठक में डीसी ने दिये कई निर्देश

# जिले के अधिकारी एक-एक बिरहोर परिवार को लेंगे गोद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के सभागार में गुरुवार को डीसी चंदन कुमार ने कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अधिकरण (आत्मा) के शासकीय निकाय एवं जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा मिशन क्रियान्वयन समिति की बैठक कर कई निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में परियोजना निदेशक आत्मा प्रवीण कुमार सिंह के द्वारा डीसी सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए विभिन्न प्रशिक्षण, प्रत्यक्षण, परिभ्रमण, कृषक प्रक्षेत्र पाठशाला, किसान गोष्ठी, किसान मेला सहित अन्य योजनाओं के प्रस्ताव की विस्तार से जानकारी दी गयी।




**एक-एक बिरहोर परिवार को गोद लेने के लिए योजना तैयार करने का निर्देश:** बैठक के दौरान रामगढ़ जिला अंतर्गत बिरहोर परिवारों की जीविकोपार्जन सुचारू रूप से चले और उनके विकास हो इस उद्देश्य से डीसी ने जिला प्रशासन रामगढ़ के प्रत्येक अधिकारी को एक-एक बिरहोर परिवार को गोद लेने के लिए योजना तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने आत्मा रामगढ़ के जिला स्तरीय वेबसाइट को अपडेट करने और आत्मा द्वारा आयोजित प्रशिक्षण के लिए स्थल चिन्हित करने का निर्देश दिया।

### प्रत्येक प्रखंड से 15 किसानों का चयन करते हुए परिभ्रमण और प्रशिक्षण कराने का निर्देश

बैठक के दौरान डीसी ने परियोजना निदेशक आत्मा को मोबाइल एग्रीकल्चर स्कूल एंड सर्विसेज के द्वारा 28 अक्टूबर से 6 नवंबर तक आयोजित किये जाने वाले जिला स्तरीय प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण स्थल के आधार पर किसानों के चयन संबंधित सूची और प्रशिक्षण का विषय आदि तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र मांडू में 31 अक्टूबर को होने वाले जिला स्तरीय परिभ्रमण में प्रत्येक प्रखंड से 15 किसानों का चयन करते हुए परिभ्रमण और प्रशिक्षण कराने का निर्देश दिया।

**नये किसानों का चयन कर उन्हें लाभांवित करने का निर्देश:** बैठक के दौरान डीसी ने आत्मा द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण योजनाओं सहित अन्य योजनाओं में नये किसानों का चयन कर उन्हें लाभांवित करने का निर्देश दिया। इन सबके अलावा डीसी ने जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत दलहन, मोटा अनाज, प्रत्यक्षण, कृषक प्रक्षेत्र पाठशाला विभिन्न आधुनिक उपकरणों के वितरण की योजनाओं के सफल संचालन के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में जिला स्तरीय पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## झबरा आहार में नहाने गये तीन युवकों में एक की मौत



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के दंतार पंचायत के जूठहा गांव के झबरा आहर में डूबने से एक छात्र की मौत हो गयी। मृतक इसी गांव के हनान मियां का 16 वर्षीय पुत्र और दंतार बुनियादी उच्च विद्यालय के छात्र मो. इरफान है। घटना के संबंध में बताया गया कि तीन युवक बुधवार की सुबह गांव के झबरा आहार में नहाने गया था। इसी दौरान एक छात्र इरफान आहर में डूब गया। बाकी दो लोग डर कर भाग गये। शाम को मृतक छात्र घर नहीं पहुंचा तो परिजन खोजबीन करने लगें। इसी दौरान छात्र को डूबने की बात बताया गया। घटना की जानकारी मिलते ही काफी संख्या में लोग आहर में खोजबीन करने का प्रयास किया लेकिन रात हो जाने के कारण उसे नहीं खोज पाये। गुरुवार को सुबह बारा गांव के मछुआरों को बुलाकर स्थानीय पुलिस के द्वारा खोजबीन किया गया। काफी मशक्कत के बाद डूबने के 24 घंटा बाद शव को मछुआरों के द्वारा निकाला गया। छात्र के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वही गांव में मातम छाया हुआ है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर चतरा सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## दिल्ली के नांगलोइ से हंटरगंज का युवक गायब



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के उरैली पंचायत के पांति गांव निवासी सोमर यादव का 17 वर्षीय पुत्र गुला कुमार यादव बीते मंगलवार से गायब है। उक्त युवक दिल्ली के नागलोई के चार नंबर सेक्टर में भाड़े के मकान में रहता था। आपसी विवाद के कारण रात को वह डेरा से निकल गया है। जिसका अभी तक कोई अता पता नहीं चल रहा है। इस संबंध में उनके बड़े भाई कमलेश कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि चार लड़का एक साथ रहता था। इसी दौरान किसी बात को लेकर चारों में विवाद हो गया। जिसके बाद से वह गायब है। परिजन काफी खोजबीन कर रहे हैं। कोई अता-पता नहीं चल रहा है। किसी को इसके बारे में जानकारी मिलने के बाद 7070 876403 पर कॉल और व्हाट्सएप कर सकते हैं।

## काली पूजा समिति का हुआ गठन



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** श्री श्री काली पूजा समिति रोचाप की बैठक काली मंडप के परिसर डोकाटॉड में हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया गंगाधर महतो व संचालन सरोज कुमार ने किया। बैठक में सर्वसहमति से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम रोचाप में काली पूजा सह सांस्कृतिक कार्यक्रम धूमधाम से उल्लास मनाया जायेगा। इसके लिए पूजा समिति रोचाप का गठन किया गया है। जिसमें संरक्षक गंगाधर महतो, महेंद्र कुमार महतो, अध्यक्ष पवन कुमार सिंह, उपाध्यक्ष कामेश्वर महतो, सचिव सरोज कुमार, उपसचिव विजय महतो, कोषाध्यक्ष देवनारायण महतो, उप कोषाध्यक्ष चेतक महतो, पूजा प्रभारी रामजित महतो, सह प्रभारी सिकंदर कुमार, पूजा पंडाल और स्टेज प्रभारी सुरेंद्र महतो, सह प्रभारी उमेश कुमार महतो इसके अलावा ग्राम रोचाप के सभी टोले टोलो से समिति में लोगों को सदस्य के रूप में रखा गया है। इस मौके पर प्रयाग महतो, रामजीत महतो, मुंशी महतो, विश्वनाथ प्रजापति, बितू महतो, विजय महतो, सुरेंद्र महतो, राजेंद्र सिंह, गुड्डू सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के कोयरीखेत बोंगावार फोरलेन के समीप असंतुलित होकर बाइक सवार सड़क पर गिर गया। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सहायता से उसे दिगवार स्थित आरोग्य हॉस्पिटल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया है। जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, लकड़ीगेट कुजू निवासी झुमका रविदास का 20 वर्षीय पुत्र सोनू रविदास बाइक संख्या जेएच 02 एजेड-5456 से रांची से लौट रहा था। इसी बीच कोयरी खेत के पास वह असंतुलित होकर फोरलेन सड़क पर जा गिरा। सड़क पर गिरने की वजह से उसका माथा व कंधा समेत शरीर के अंदरूनी हिस्सों में गंभीर चोटें आयी हैं।

## सेंट्रल सौंदा वासियों ने रामगढ़ एसपी को सौंपा पत्र

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सेन्ट्रल सौन्दा निवासी सह सीसीएल कर्मी इम्तियाज मियां ने रामगढ़ एसपी को पत्र सौंपा है। इसमें पिता पुत्र द्वारा आये दिन कॉलोनी वासियों के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कारवाई की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि स्थानीय महावीर चौधरीऔर उनका पुत्र अजय चौधरी बिना किसी कारण के लोगो के साथ मारपीट करता है। इसका विरोध करने पर लोगो को धमकी देते है। पत्र में कहा गया है कि 25 अक्टूबर को सब स्टेशन में डियूटी पर थे। इसी दौरान दोनो ने उनके साथ मारपीट किया। इसके बाद कॉलोनी के ज्योति सिंह के एक रिस्तेदार दुर्गा पुजा में घुमने गांव से आये थे। उनके साथ भी खुलेआम मारपीट किया। पत्र में कहा गया है कि पिता पुत्र के भय से पुरे कॉलोनी में लोग भयभीत है। इन लोगो का पूर्व में अपराधिक मामले दर्ज है। इन लोगो पर दो दो हत्या का मुकदमा चल रहा है। जिसके डर से लोग विरोध नहीं करते। एसपी को दिये पत्र में मामले की जांच कर उचित कारवाई करने की मांग की गयी है। पत्र की प्रति महाप्रबंधक बरका सयाल, परियोजना पदाधिकारी सेन्ट्रल सौन्दा को भी प्रेषित किया गया है।

## मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बैठक

# मतदाताओं को एसएसआर 2024 के तहत जोड़ने के लिए दिये गये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** भारत निर्वाचन आयोग, और विभागीय निदेश के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में दिनांक-01.01.2024 को अर्हता तिथि मानकर मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गयी। बैठक में मुख्य रूप से मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत दिनांक-27.10.2023 को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन का कार्यक्रम निर्धारित है। 27 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक दावा और आपत्तियां दाखिल करने की अवधि निर्धारित है, उक्त तिथि में बीएलओ के द्वारा घर-घर सत्यापन करते हुए फार्म-6, 7, 8 बीएलओ ऐप के माध्यम से ऑनलाईन का कार्य किया जायेगा, मतदाता सूची का विशेष अभियान 28. और 29 अक्टूबर तथा 4. और 5. नवंबर को निर्धारित है, मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 05.01.2024 शुक्रवार को किया जायेगा। इससे संबंधित की जा रही तैयारियों को लेकर जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी चतरा द्वारा विस्तृत जानकारी दी गयी। समीक्षा के क्रम में जिले में छुटे हुए योग्य मतदाताओं को एस.एस.आर. 2024 के तहत जोड़ने हेतु कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही स्वीप कार्यक्रम के तहत चलने वाले गतिविधि को भी गति देने की बात कही गयी। जिससे स्वीप कार्यक्रम के तहत ज्यादा से ज्यादा मतदाता जागरूक हो और अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सके। आगे उन्होने सभी को निदेशित किया कि मतदाता सूची त्रूटी रहित हो और कोई मतदाता न छुटे तथा वोटर टर्नआउट में वृद्धि हो। उन्होने बैठक में उपस्थित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील किया कि अपने अपने क्षेत्रों में आम जनों को जागरूक करें और निर्वाचन से संबंधित जुड़े अधिकारियों का सहयोग करें। उन्होने कहा कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निदेर्शानुसार सोशल मीडिया हैंडल फेसबुक, ट्वीटर आदि पर एक घंटे का विशेष हैश टैग अभियान 27. अक्टूबर को 11:00 बजे से 12:00 बजे के बीच चलाया जायेगा। बीएलओ के कार्य को समुचित सम्मान देने व उनका उत्साह वर्धन करने के लिए आगामी 27 अक्टूबर को पूर्वाहण 11:00 बजे से 12:00 बजे के बीच एक घंटे तक हैश टैग अभियान चलाया जाना है। उक्त अवधि के दौरान सभी पदाधिकारी, कर्मियों, आम जनों द्वारा अपने मतदान केंद्र पर जाकर वहां उपस्थित बीएलओ के साथ सेल्फी/फोटो लेकर अपने-अपने सभी सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के सोशल मीडिया हैंडल पर टैग करने की अपील किया। बैठक में अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल, उप निर्वाचन पदाधिकारी अरूण कुमार एक्का, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि समेत अन्य लोग उपस्थित थे।




# ओरला में रावण दहन कार्यक्रम संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** रावण दहन समिति ओरला की ओर से बुधवार की देर संध्या मन्डा टांड मैदान में 30 फिट ऊंचे रावण का पुतला दहन किया गया। आयोजित पुतला दहन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सीसीएल तोपा कोलियरी लोकल सेल संचालन समिति के कोषाध्यक्ष राजेश्वर गंझू ने रॉकेट जलाकर पुतला दहन किया। वही, सतरंगी आतिशबाजी के बीच रावण धु - धु कर जल उठा। इससे पूर्व, राजेश्वर गंझू के अलावे जिप सदस्य दयामन्ति देवी ने संयुक्त रूप से डांडिया कार्यक्रम व रावण दहन कार्यक्रम का विधिवत फीता काट कर किया। इस दौरान श्रद्धालुओ ने जय श्री राम, जय मां दुर्गे का जमकर जयघोष किया। वही, डांडिया व सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय युवा टोली ने एक से एक बढ़कर एक भक्ति गीतों पर और राम, लक्ष्मण सीता और हनुमान की जीवंत झांकी के अलावे कई मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति कर लोगो को मन मोह लिया। वही, समिति की ओर से सभी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समिति अध्यक्ष ज्योतिन्द्र प्रसाद साहू व संचालन कर रहे निर्मल करमाली के नेतृत्व में आगत अतिथियों का बैज व माल्यर्पण कर भव्य स्वागत किया। आयोजित रावण दहन कार्यक्रम को देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में लोग उमड़े। समिति द्वारा मेले का आयोजन किया। जिसमे बच्चों ने मेले का जमकर लुफ्त उठाया। विभिन्न व्यंजनों का स्वाद चखा और खरीददारी की। इधर, गंझूडीह टोला स्थित मां दुर्गा की प्रतिमा का नम आंखों से विदाई दी गयी। साथ ही, ओरला तालाब में विधि विधान के साथ विसर्जित किया गया। मौके पर रामभजन लाल महतो, धर्मराज राम, सर्वेश सिंह, जय कुमार ओझा, राकेश कुमार, गुड़िया देवी, हरिशंकर प्रसाद, शंकर प्रसाद, बसंत प्रसाद, उमेश करमाली, कैलाश करमाली, विजय पासवान, जितेंद्र मुंडा राजू महतो अखिलेश्वर महतो, शंभू लाल ठाकुर, बूटी तिवारी, दिनेश्वर प्रसाद, देवराज प्रसाद, विकास प्रसाद, राजू कुशवाहा, अभिषेक पासवान, देवानंद करमाली, मनीष उरांव, विमल नायक, मगन नायक, मनोज नायक समेत कई धर्म प्रेमी मौजूद रहे।



# पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की पत्नी ने टूटी झरना मंदिर में की पूजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** ओड़िशा के नवचयनित राज्यपाल सह झरखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की धर्मपत्नी रुक्मणी देवी, पुत्रवधु पूर्णिमा दास, दामाद यशपाल साहू, पुत्री और स्वजन प्राचीन शिव मंदिर टूटी झरना पहुंचे। जहां सभी ने मंदिर के गर्भगृह में जाकर पूजार्चना की। साथ ही, शिव की शक्ति व अविरल गंगा की धार देख सभी भाव विभोर हो गये और इस इश्वरीय चमत्कार को नमन किया। वही, रघुवर दास को उड़ीसा का नये राज्यपाल बनाये जाने पर भोले बाबा के दरबार में नतमस्तक होकर और भगवान भोले शंकर का जलाभिषेक कर सुख - समृद्धि की कामना कर आशीर्वाद मांगा। विदित हो की कुछ दिन पूर्व ही झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को ओडिशा का राज्यपाल के रूप में चयनित किया गया है। तब से उनके समर्थक काफी खुश हैं ओर बधाईयो का सिलसिला जारी है। वही, उनके परिजन भी काफी खुश है। रघुवर दास के परिजनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आभार प्रकट किया है। इससे पूर्व, मंदिर के पुजारी उमेश पांडेय ने पूरे परिवार को पूरे विधि विधान से पूजार्चना कराया मौके पर भाजपा युवा नेता राजीव जयसवाल, रविंद्र प्रसाद साहू पवन साहू समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



## दुर्गा पूजा को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर सौंदा डी दुर्गा मंडप प्रांगण में बुधवार की रात्रि रंगारंगा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि आजसू के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने विधिवत फीता काटकर किया। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें ऑर्केस्ट्रा मंडली के नृत्यकाओं ने हिन्दी, नागपुरी व भोजपुरी गीतों पर एक से एक बढ़कर एक डांस प्रस्तुत कर श्रोताओं को झुमाये रखा। कार्यक्रम देखने के लिए सौंदा डी आसपास क्षेत्रों के सैंकड़ों महिला-पुरूष व बच्चों की भीड़ उमड़ी रही। मौके पर मुख्य अतिथि रोशनलाल चौधरी ने कहा कि ऐसे आयोजनो से लोगों को मनोरंजन करने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि लोगों के लिए मनोरंजन के उद्देश्य से समय-समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होते रहना चाहिए। चौधरी ने दुर्गा मंडप में मत्था टेक क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली व सुख-समृद्धि की कामना की। मंच संचालन ऑर्केस्ट्रा मंडली के उत्तम दस ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूजा समिति के सचिव संजय यादव, कोषाध्यक्ष सुरेश खरवार, दीपक सिंह, राजगिरी चौधरी, अरविंद प्रसाद, प्रवीर चैटर्जी, मधु भंडारी, प्रदीप, संतोष पांडेय, रंजीत शर्मा, बबलू शर्मा, श्रीकांत शर्मा, संतोष शर्मा, चंदन, रिशु जयसवाल, गुड्डू झां, पप्पू शर्मा सहित दर्जनों लोगों का विशेष योगदान रहा। मौके पर सौंदा डी पंचायत के मुखिया उपेंद्र शर्मा, समाजसेवी अनिल सिंह, दशरथ कुर्मी, पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय, आजसू के प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा, अशोक शर्मा, राकेश सिन्हा, सलील मोहन सिन्हा, राकेश पासवान, शशि मोहन महतो सहित सैंकड़ों ग्रामीण मौजूद थें।

## अरगड्डा में ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ट्रेड यूनियन का रामगढ़ जिला सम्मेलन कल



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ट्रेड यूनियन का रामगढ़ जिला सम्मेलन 28 अक्टूबर को अरगड्डा सामुदायिक भवन में आयोजित की जायेगी। कोल माइंस वर्कर्स यूनियन के क्षेत्रीय सचिव डॉ आशीष कुमार ने गुरुवार को प्रेस बयान जारी कर बताया की इस जिला सम्मेलन में ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ट्रेड यूनियन के प्रदेश महासचिव सुवेंदु सेन बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। जहां मजदूरों के सवालों पर चर्चा की जायेगी। साथ ही केंद्र सरकार की आर्थिक उदारीकरण नीति, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, कोल इंडिया को निजीकरण से बचाने आदि मुद्दों पर चर्चा की जायेगी। कुमार ने यह भी बताया की ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ट्रेड यूनियन का पांचवा झारखंड राज्य सम्मेलन आगामी 6 और 7 नवंबर को बीएंड के कथारा ऑफिसर क्लब में होगी। इस सम्मेलन में राष्ट्रीय स्तर पर मजदूरों के ज्वलंत सवाल, देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, सार्वजनिक प्रतिष्ठानों को निजीकरण से रोकने, कोयला क्षेत्र को बचाने पर चर्चा की जायेगी। साथ ही 2024 के लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए देशभर के मजदूरों के बीच अभियान चलाकर उन्हें एकजुट करने और एक मंच पर लाने को ले भी चर्चा की जायेगी। उन्होंने बताया की इस झारखंड राज्य सम्मेलन में यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव राजीव डिमरी शामिल होंगे।

## मणिदीप सिंह बने बरकाकाना ओपी प्रभारी

**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** बरकाकाना ओपी के नये प्रभारी मणिदीप सिंह बनाये गये। बरकाकाना ओपी के पूर्व थाना प्रभारी अमर शुक्ला ने कागजी कार्रवाई पूरी कर पदभार दिया। नवनियुक्त थाना प्रभारी मणिदीप सिंह ने बताया ओपी क्षेत्र को अपराध मुक्त कर शांति माहौल कायम रखना पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने बताया आमलोग सीधे तौर पर मुझसे संपर्क कर अपनी शिकायत कर सकते हैं।

## डीएवी बरकाकाना के छात्रों ने चलाया स्वच्छता अभियान



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** डीएवी बरकाकाना के सप्तम के छात्रो ने स्वच्छता अभियान कार्यक्रम स्वच्छ विद्यालय, स्वच्छ आसपास का मुहिम नया नगर बड़काकाना के दुर्गा मंडप के आसपास के क्षेत्र का चुनाव कर कार्यक्रम आयोजित की गयी। चूंकि रामगढ़ जिले का सर्वश्रेष्ठ दुर्गा पूजा समारोह घुटुवा में आयोजित होता है। समारोह के समाप्ति पर क्षेत्र में सफाई की आवश्यकता होती हैं। छात्रों ने इस क्षेत्र को स्वच्छ बनाने के लिए हाथों में झाड़ू लेकर सफाई अभियान चलाया। आसपास के दुकानदारों ने इस अभियान में बच्चों की मदद की। छात्रों के द्वारा किये जा रहे इस कार्य का स्थानीय लोगों और दुर्गा पूजा कमिटी के पदाधिकारियों व सदस्यों ने इस कार्य की प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या सह क्षेत्रीय अधिकारी डॉ उर्मिला सिंह ने कहा कि हमें केवल अपने आसपास की सफाई व विद्यालय की सफाई से संतुष्ट नहीं हो जाना चाहिए बल्कि हमें अपने समाज में भी स्वच्छता पर ध्यान देना चाहिए और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना चाहिए। स्वच्छता कई बीमारियों से बचाती है, कहा भी गया है स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। शरीर तभी स्वस्थ होगा जब समाज स्वस्थ होगा और समाज तभी स्वस्थ होगा जब समाज स्वच्छ होगा।

## अखिल भारतीय यादव महासभा की बैठक

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तिलहेत पंचायत के भलुआ पंचायत सचिवालय में गुरुवार को अखिल भारतीय यादव महासभा की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता स्थानीय समाज सेवी बलदेव यादव तथा संचालन बाबूराम यादव ने किया। बैठक में अखिल भारतीय यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष राम जी उर्फ भोला प्रसाद यादव तथा सेना सेवानिवृत सूबेदार यादव, भूषण यादव शामिल हुए। बैठक में पंचायत स्तरीय कमेटी गठन को लेकर विचार विमर्श किया गया। इसके अलावा 5 नवंबर को चतरा बाबा घाट मैदान में अखिल भारतीय यादव महासभा के द्वारा आयोजित शताब्दी समारोह को लेकर लोगों को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए अपील किया गया। इसके अलावे कई अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा किया गया। शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया तथा घरेलू हिंसा, आपसी मतभेद को लेकर लोगों को जागरूक होने की बात कही गयी। इस बैठक में महेंद्र यादव, नंदकेश्वर यादव, परमेश्वर यादव, अशोक यादव, महावीर यादव, अजय यादव, विनोद यादव, विकास यादव, भगवान यादव, विजय यादव, सहित दर्जनों लोग शामिल हुए।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण निम्नानुसार है: **निविदा अधिसूचना सं.:** सीएटीजी-स्टॉल-25-जीएमयू-डब्ल्यू-एचटीई4। **कैटरिंग यूनिट:** कैटग. स्टॉल-25। **स्टेशन :** हटिया। **स्थान:** सर्कुलेटिंग क्षेत्र (एसबीआई एटीएम के निकट)। **आरक्षित श्रेणी:** जीएमयू/महिला। **न्यूनतम वार्षिक आरक्षित मूल्य:** ₹ 6,21,254/-। **बयाना राशि:** ₹ 1,61,600/-। **निविदा की लागत:** ₹ 2,500/- के साथ 18% जीएसटी, प्रत्येक कैटरिंग यूनिट के लिए निविदा हेतु। **अनुबंध की अवधि** : 5 वर्ष। (1) पूरी बोली प्रक्रिया ऑनलाइन (ई-निविदा) होगी। इस निविदा सूचना दिनांक 26.10.2023 से संबंधित सभी सूचनाएं बेबसाइट www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन प्रकाशित की गई है। (2) बोली दस्तावेज को दिनांक 26.10.2023 से 16.11.2023 तक बेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा और अपलोड किया जा सकता है। (3) बोली दिनांक 26.10.2023 से बेबसाइट www.ireps.gov.in पर इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में जमा की जा सकती है। बोली जमा करने की अंतिम तारीख 16.11.2023 के अपराह्न 03.00 बजे तक है तथा दिनांक 16.11.2023 को अपराह्न 03.30 बजे खोला जाएगा। **(PR-750)**

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 27अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in


# पुलिस कस्टडी में नेपाली युवक की मौत

**मृतक के परिजनों ने कहा पुलिस पिट कर हत्या कर दी है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र के बादुर बगीचा मोहल्ले में रहने वाला नेपाली परिवार गोवर्धन सिंह के घर मृतक कैलाश सिंह दुर्गा पूजा में घूमने आया था। आज पुलिस लगभग 3:15 बजे उसे बैटरी चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया और चंदवा थाना ले आयी, चंदवा पुलिस ने 4:15 बजे कैलाश को अस्पताल लाया जहां उसकी सांसे चल रही थी। जैसा कि अस्पताल कर्मी का कहना है और पुलिस ने कहा कि यह आदमी अपने शर्ट से फांसी लगा लिया है, चंदवा अस्पताल में जांच के बाद कुछ ही देर में उसकी मौत हो जाती है।

मृतक कैलाश सिंह के पिता का नाम कामता सिंह, रामगढ़ जिला के विजुलिया का रहने वाला है। दशहरा पूजा में वह चंदवा स्थित अपने रिश्तेदार गोवर्धन सिंह के घर आया था।मृतक कैलाश पेशे से ट्रक चालक था। हालांकि इस घटना से चंदवा बाजार में पुलिस के रवैया पर काफी प्रश्न उठ रहा है। इधर लातेहार एसपी अंजनी अंजन से घटना की जानकारी के बारे में पूछी गई तो उन्होंने बताया कि घटना कैसे घटी है इसकी जानकारी तो मुझे नहीं हुई है परंतु पुलिस थाने में आरोपी को लायी थी। जिसकी मौत चंदवा अस्पताल में हो गयी है। मौत की घटना को मजिस्ट्रेट जांच कराया जाएगा तभी साफ पता चलेगा।

इधर घटना के बाद मृतक की चाची पार्वती देवी ने कहा कि चंदवा पुलिस ने थाना में पीट पीट कर मार डाला है, मैं सरकार से मांग करती हूं की हत्यारे को फांसी की सजा हो।

## एसडीओ अरविंद कुमार लाल को दी गयी विदाई नये एसडीओ अमित कुमार का हुआ स्वागत



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। अनुमंडल दंडाधिकारी अरविंद कुमार लाल के प्रोन्नति व स्थानांतरण को लेकर समाहरणालय सभागार, लोहरदगा में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि निवर्तमान एसडीएम अरविंद कुमार लाल ने अपने सहयोगियों के दिलों में जगह बनायी। लोहरदगा जिला में शांति-व्यवस्था बनाये रखनें में इनका अहम योगदान रहा। नवपदस्थापित अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार ने कहा कि पाकुड़ में मतगणना कार्यों के दौरान श्री लाल से मुलाकात हुई थी। उस समय उनके दिये गये निर्देशों के कारण बहुत अच्छे तरीके से मतगणना कार्य सफल हुआ था। कार्यक्रम में जिला योजना पदाधिकारी अरुण सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, डीडीएमो विभाकर और प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन महतो ने अपने विचार व्यक्त किये।

## मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर एसडीओ ने की बैठक

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार की अध्यक्षता में गुरूवार को सभी प्रखंड विकास पदाधकारी, अंचल अधिकारी, सभी बीएलओ सुपरवाईजर के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2024 के अंतर्गत दिनांक 27/10/2023 से 09/12/2023 तक घर-घर भ्रमण सर्वेक्षण कार्यक्रम संबंधी विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गयी और आवश्यक निदेश दिये गये। जिन घरों में मतदाता की उम्र 18 वर्ष पूरी हो गयी है या होनेवाली है उनका नाम आवश्यक रूप से मतदाता सूची में जोड़ा जायेगा। इस वर्ष 28 व 29 अक्टूबर और 4 व 5 नवंबर को इस संबंध में मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान चलाया जायेगा।

## डिग्री कॉलेज शुरू करने को लेकर आजसू पार्टी का 2 नवंबर को एक दिवसीय धरना



लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार आजसू जिलाध्यक्ष अमित पांडेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि मुख्यमंत्री के द्वारा जोहार यात्रा के दौरान लातेहार में डिग्री कॉलेज का उद्घाटन कर अभी तक डिग्री कॉलेज का न खुलना छात्रों के साथ धोखा है। करोड़ो रुपये खर्च कर के बिल्डिंग तो बन गयी। पर छात्रों को डिग्री के लिए पलायन करना पड़ रहा है। आने वाले 2 नवंबर को एकदिवसीय धरना कार्यक्रम कर उपायुक्त के माध्यम से सरकार को अल्टीमेटम देंगे कि अगर जल्द डिग्री कॉलेज नही खुला तो आजसू पार्टी उग्रआंदोलन को भी तैयार है। मौके पर जिला अध्यक्ष अमित पांडेय प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव सचिव शयाम प्रसाद अंकित कुमार इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## शाहीन परवीन को पुलिस ने सकुशल बरामद कर उसके परिवार वालों को सौंपा

बालूमाथ (आजाद सिपाही)। बालूमाथ की रहने वाली छात्रा शाहीन प्रवीन को लातेहार पुलिस ने सकुशल बरामद कर उसके परिवार वालों को सौंप कर मामले का उद्भेदन कर दिया है। लातेहार के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन द्वारा एक एसआईटी टीम का गठन किया गया, जिसका नेतृत्व बालूमाथ के थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो और पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार कर रहे थे। इस टीम में विशेष अनुसंधान और छापेमारी दल के द्वारा तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर उक्त कांड को देखते हुए नाबालिक अपहृता को रांची के विद्यानगर रोड स्थित कृष्ण मोहल्ला से सकुशल बरामद कर लिया गया है। नाबालिग लड़की को छुपा कर रखने के आरोप में कामेश्वर प्रजापति को अपराधी मानते हुए उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। ज्ञात होगी इस कांड को लेकर बालूमाथ शहर में काफी तनाव व्याप्त था। कई दिन इस कथित अपहरण को लेकर पूरे बालूमाथ शहर को बंद कर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा माहौल बिगाड़ने का भी प्रयास किया गया था। परंतु लातेहार एसपी अंजनी अंजन के अथक प्रयास से अंततः इस कांड को उद्भेदन कर मामले को उजागर कर दूध का दूध और पानी का पानी दिया गया।

## सेन्हा के विद्यार्थियों ने सरस्वती यात्रा में सीखे विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोग



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। विद्या भारती में बालिका शिक्षा विभाग के सरस्वती यात्रा कार्यक्रम अंतर्गत सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा के कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोग सीखे। यात्रा में 11 छात्र-छात्राओं के एक दल ने मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय विज्ञान प्रयोगशाला का भ्रमण किया। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं को विज्ञान के विभिन्न विषयों की प्रयोगशालाओं में संबंधित शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा न सिर्फ प्रयोग उपकरणों से परिचय कराया गया बल्कि कई वैज्ञानिक प्रयोग भी कराये गये।

# मानव तस्करी मानवता के लिए अभिशाप है : एसपी अंजनी अंजन

**मानव तस्करों का कब्र खोदती लातेहार पुलिस, 9 बच्चियां बरामद, एक मानव तस्कर गिरफ्तार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरफ्तार अभियुक्त** मनोज यादव सामरी रोड कंजिया, - कुसमी, जिला - बलरामपुर छत्तीसगढ़, वर्तमान पता - सा० - भुगलुडीह, थाना - महुआडा - लातेहार है।

**इस अभियान में शामिल पुलिस**

इस अभियान में पुलिस निरीक्षक चंद्रशेखर चौधरी, पुअनि कुमार सुमित यादव, थाना प्रभारी, पुअनि आशुतोष यादव, महुआडांड़ थाना प्रभारी, पुअनि अजय कुमार दास, महुआडांड़ थाना, पुअनि रुपलाल प्रसाद, हेरहंज थाना, पुअनि मो शाहरुख, लातेहार थाना, आरक्षी पंकज कुमार, मआ मुगी सोरेन, आ गोदलिवा कुजूर शामिल थे।

**लातेहार।** लातेहार मानव तस्करी एक जघन्य अपराध है, खासकर झारखंड और छत्तीसगढ़ के ग्रामीण आदिवासी बहुल क्षेत्र में गरीबी और अशिक्षा को ढाल बनाकर मानव तस्करों द्वारा ग्रामीणों को बहला फुसलाकर तथा रुपये का लालच देकर नाबालिक बच्चियों और बच्चो को महानगरों में घरेलू कार्य हेतु पहुंचाते हैं।

इस तरह की घटना को लेकर लातेहार जिला के विभिन्न थाना में 08/11/2022 धारा 370 (4), 34 भादवि दर्ज किया गया है। इसी सन्दर्भ में लातेहार जिला अंतर्गत महुआडाड़ थाना कांड सं0 - 595/202 को तस्करों द्वारा महानगर दिल्ली, चंडीगढ़ और पानीपत राज्य से बाहर भेजा गया था। बच्चियों की बरामदगी हेतु पुलिस अधीक्षक के द्वारा एक स्पेशल एसआईटी टीम का गठन कर बच्चियों के रेस्क्यू हेतु दिल्ली, चंडीगढ़ और पानीपत, नोएडा (यूपी) भेजा गया। जहाँ से 9 बच्चियों को रेस्क्यू कर वापस लाया गया है। इस अभियान की जानकारी लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने प्रेस वार्ता के दौरान कही। ये सभी बच्चियां लातेहार जिला और छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिला की रहने वाली हैं। अनुसंधान में यह बात प्रकाश में आयी है कि मानव तस्करों की एक श्रृंखला है जो कि इन सूदूरवर्ती क्षेत्रों से महानगरों को जोड़ती है। इस श्रृंखला की पहली कड़ी एजेंट हैं। जो अपने आसपास के गांव से आदिम जनजाति के गरीब परिवारों को चिन्हित कर उन्हें पैसा और काम दिलाने का लालच देती है। दूसरी कड़ी फर्जी प्लेसमेंट एजेंसी तक फ्लाईट, ट्रेन, बस के माध्यम से पहुंचाने का काम करते हैं। बच्चियों को प्लेसमेंट एजेंसीज में ले जाकर एक दो हफ्ते रखा जाता है जिस दौरान बच्चियों को काम के बारे में सिखाया जाता है। अथवा उसके पुराने पहचान पत्र और मोबाईल को वहां जमा करवा लिया जाता है। जिससे वह अपने परिजनों के संपर्क में ना रह सके। इसी दौरान बच्चियों का नाम-पता बदलकर एक फर्जी पहचान पत्र बनवा दिया जाता है। पीड़ित के पास मोबाईल फोन या किसी तरह से संपर्क करने के साधन नहीं होते है। मानव तस्करों से बच्चों को बचाने हेतु तथा इस तरह के मामलों में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु लातेहार पुलिस द्वारा टीम का गठन कर अभियान चलाया जा रहा है।

# 'इसरो कैंपस' की लोगों ने जमकर की प्रशंसा

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** थाना रोड स्थित तेतरतर दुर्गा पूजा समिति, चंद्रशेखर आजाद चौक में समिति द्वारा इसरो कैंपस में परमवीर चक्र से सम्मानित शहीद, भारत के महान वैज्ञानिक, वर्तमान चंद्रयान 3 के वैज्ञानिक, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई व मिसाइल में एपीजे अब्दुल कलाम के प्रयास से पोखरण परमाणु परीक्षण, 95000 पाकिस्तानी सैनिकों का भारतीय सैन्य अधिकारी के समक्ष सरेंडर, जल, थल, नभ के आईएनएस विक्रांत, सुखोई, अग्नि 5, अर्जुन टैंक, अपाचे हेलीकॉप्टर जैसे आयुध का कट आउट देख व पढ़कर आमजन और विशेष कर विद्यार्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी तथा मुक्त कंठ से प्रशंसा की। वहीं परिसर में ही ध्वनि प्रदूषण, वायु, जल प्रदूषण, पर्यावरण, पैसे की खातिर क्रिकेट व फिल्म स्टार द्वारा जुआ व गुटका का विज्ञापन करते स्टारों का बॉयकॉट की अपील, जंक फूड व शराब के दुष्परिणाम, दहेज, शहर की सफाई, सिविक सेंस, पॉलिथीन, रोड सेफ्टी के रूल्स आदि के होर्डिंग तथा एस्ट्रोनॉट्स व चंद्रयान-3 मॉडल के सेल्फी प्वाइंट को भी लोगों ने जमकर सराहा। परिसर में आये लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत, उपायुक्त डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा ने कहा कि युवाओं के लिए यह काफी प्रेरणादायक है तथा इसका मैसेज दूर-दूर तक जायेगा। लोहरदगा हटिया गार्डन निवासी व एनडीए क्वालीफाइंग किए व वर्तमान में लेह में एक यूनिट का कमांड कर रहे कमांडिंग ऑफिसर अरविंद कुमार ने कहा कि ज्ञान बढ़ाने व देश प्रेम जगाने का यह सराहनीय प्रयास है तथा हम इसे पूरे यूनिट को बतायेंगे। समिति के सदस्य तथा थीम के प्लानर, डिजाइनर व आकार देने वाले संजय बर्म्मन ने कहा कि मैसेज देने के लिए धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक आयोजन एक बड़ा प्लेटफार्म होता है तथा हमने इसका पूरा सदुपयोग किया तथा आगे भी करूंगा।

# पिटाई से पत्नी की मौत, पति गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र के भूषाढ़ गांव में मंगलवार की रात आपसी विवाद में संतोष लोहरा ने अपनी पत्नी सुषमा देवी (25 वर्ष) की पिटायी कर दी। जिससे उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में ले लिया है। घटना के संबंध में बताया जाता है। कि पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान पति संतोष लोहरा ने पत्नी सुषमा देवी की जमकर पिटायी कर दिया। जिससे वह जमीन पर गिर गयी। गिरने के बाद काफी देर तक वह बेहोशी की हालत में पड़ी रही। जब उसके बच्चों ने उसे उठाने का प्रयास किया तो वह नहीं उठी। उसके बाद बच्चे रोने लगे आवाज सुन कर आस पास के लोग आए और सूचना मिलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में जमा हो गए और उसे अचेत अवस्था में अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया। लेकिन रेफर करने के कुछ देर बाद ही उसकी रास्ते मे ही मौत हो गयी। उसके तुरन्त बाद चंदवा पुलिस को सूचना दी गयी। इधर चंदवा पुलिस ने बताया कि संतोष की पिटायी से सुषमा जमीन पर गिर गयी। इसके बाद जानकारी मिलने पर पहुंचे आसपास के लोग उसे चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये, जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रेफर कर दिया। हालांकि, कुछ समय बाद ही उसकी मौत हो गयी। सुषमा के मायके वालों ने हत्या की आशंका जतायी है। वहीं संतोष के परिजनों का कहना है कि सुषमा पहले से ही बीमार थी। इधर पुलिस ने बताया कि आरोपी संतोष को हिरासत में ले लिया गया है। उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया है।

# झालसा रांची के आदेशानुसार चलाया जा रहा जागरूकता सह आउटरीच अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** झालसा रांची के आदेशानुसार 100 दिनों तक चलने वाले जागरूकता सह आउटरीच अभियान के तहत माननीय प्रधान जिला और सत्र न्यायधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार अखिल कुमार के निर्देशानुसार लातेहार जिले के विभिन्न प्रखंडो में जागरूकता सह आउटरीच कार्यक्रम हेतु डालसा लातेहार के पारा लिगल वॉलेंटियरों को संबंधित प्रखंडो/गॉवों में जागरूकता हेतु प्रतिनियुक्त किया गया। उक्त कार्यक्रम के अतंर्गत पारा लिगल वॉलेंटियरों द्वारा जागरूकता सह आउटरीच अभियान सफलता पूर्वक चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों और बच्चो के बीच विभिन्न विषयों पर दिनांक 17/09/2023 से ही जानकारी दी जा रही है।

लातेहार जिले के विभिन्न विद्यालयों में छात्र-छात्रों को पारा लिगल वॉलेंटियरों व्यवहार न्यायालय, लातेहार के द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर छात्र-छात्रों को बताया गया कि शिक्षा बहुत जरूरी है। शिक्षा और अधिकार का महत्वपूर्ण संबंध है। जो व्यक्ति शिक्षित है वही अपने अधिकारो के प्रति जागरूक रह सकता है। जब हमें ज्ञान होगा तभी हम अपने अधिकार का उपयोग कर सकेंगें, अधिकारों के साथ साथ हमें अपने कर्तव्यों का भी निर्वहण करना चाहीए। इस कार्यक्रम के दौरान यह भी जानकारी दी गयी कि एक विधिक निरक्षर व्यक्ति अज्ञानतावश कानुन के विपरीत आचरण कर सकता है या कानुन से सहायता प्राप्त करने में अक्षम होता है जबकि विधिक रूप से साक्षर व्यक्ति अपने अधिकारों का प्रभावी ढंग से उपयोग कर पाता है। उपरोक्त कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता के द्वारा बाल विवाह, नशामुक्ति, डायन प्रथा, जातिवाद, सांप्रदायिकता दहेजप्रथा से उन्मुलन तथा सरकार द्वारा चलाये जा रहे कल्याणकारी योजना के बारें में जानकारी दी जा रही है।

## कराटे की गोल्ड मेडलिस्ट खिलाड़ी की मौत पर दी गयी श्रद्धांजलि



कुडू-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कराटे की गोल्ड मेडलिस्ट खिलाड़ी आशी आदिति केरकेट्टा के आक्समिक निधन से कुडू प्रखंड के खेल प्रेमियों में शोक छाया है। इसी क्रम में गुरुवार को प्रखंड परिसर कुडू में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें कुडू सीओ प्रवीण कुमार सिंह, बीडीओ प्रवेश कुमार साव, कोच अमित कुमार सिंह, आदिति के अभिभावक और सभी खिलाड़ियों ने दो मिनट का मौन रख नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। मौके पर सीओ श्री सिंह ने कहा कि अत्यंत दुःखद क्षण है। हमने एक प्रतिभावान खिलाड़ी को खो दिया है। उन्होने कहा कि आज कल के बच्चों को केवल शारीरिक रूप से ही नहीं मानसिक रूप से भी मजबूत होना की जरुरत है।

## नगर परिषद में ठेका प्रथा के विरोध में प्रतिवाद दिवस 28 को : महेश



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। नगर परिषद लोहरदगा में ठेका प्रथा के विरोध में प्रतिवाद दिवस 28 अक्टूबर को मनाया जायेगा। उक्त जानकारी महेश कुमार सिंह ने दी। श्री सिंह ने कहा कि सफाई के मामले में नगर परिषद लोहरदगा दो-दो बार पारितोषिक पा चुका है। इससे साफ दृष्टिगोचर होता है कि लोहरदगा नगर परिषद के सभी सफाई कर्मी अपने कार्य के प्रति इमानदार और लग्नशील हैं। वर्तमान में नगर परिषद लोहरदगा में ठेका प्रथा से सफाई कार्य कराने की साजिश की जा रही है। पूर्व में भी एक बार ठेका प्रथा से सफाई कार्य शुरू किया गया था, जो फेल हो गया था। तब से नगर परिषद प्रशासन स्वंय सफाई कार्य करबा रहा है तथा इससे आम जनता को भी राहत मिली है तथा फिर दूसरी बार सफाई कार्य में लोहरदगा नगर परिषद को पारितोषिक मिला। ठेका प्रथा से सफाई कार्य कराने में पैसे का बंदरबांट होता है। सफाई कार्य के लिए कर्मचारियों से ज्यादे पैसा सरकार को देना पड़ता है। फिर भी कर्मचारियों को सही रूप से वेतन-भत्ता नहीं मिलता है, जिससे सफाई कार्य भी प्रभावित होता है और कर्मचारीगण बदनाम होते हैं। इसकी जांच जहाँ ठेका प्रथा लागू है, वहाँ से की जा सकती है।

## कृषि के क्षेत्र में मंत्री बादल का योगदान सराहनीयः आफताब आलम



बारियातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत फुलसु पंचायत सचिवालय परिसर में गुरूवार को मुखिया पति अर्जुन उरांव के नेतृत्व में किसानों का बैठक संपन्न हुआ। बैठक में मुख्य रूप से जिला बिससूत्री सदस्य आफताब आलम, कृषि विभाग के राज्यस्तरीय तकनीकी सलाहकार डॉक्टर विडिएस मुंडा, उप प्रमुख निशा शाहदेव, लाल आशीष नाथ शाहदेव, वार्ड सदस्य विजय सिंह, दीपक भोक्ता मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यस्तरीय तकनीकी सलाहकार मुंडा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के लिए हरसंभव प्रयासरत है। जब जब किसानों की समस्या आयी है सरकार किसान के साथ कदम से कदम मिला कर खड़ी रही है। अभी किसानों के बीच धान की खेती न होना एक बड़ी समस्या है। जिसे देखते हुए किसानों के हित में सरकार टमाटर, मटर, गोभी, बैगन, मिर्ची आदि कई अन्य बीज उपलब्ध करा रही है जिले में 1373 हेक्टेयर के लिए बीज मांगा गया है और सभी किसानों को फॉर्म भरने के उपरांत बीज दिया जायेगा। आगे कहा कि बारियातू बलॉक क्षेत्र में बहुत ही जल्द कोल्ड स्टोरेज बनाने की प्रक्रिया कि जा रही है। इसके लिए संबंधित मंत्री से बात हो चुकी है। मौके पर भूमि संरक्षण के जई दिलशाद, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष टिंकु, समेत काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की बैठक हुई



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की बैठक हुई। बैठक में प्रसव पूर्व जांच, पहली तिमाही में प्रसव पूर्व जांच, गर्भवती महिला की एनीमिया जांच, गर्भवती महिला में हिमोग्लोबिन की कमी की जांच, लिंगानुपात, संस्थागत प्रसव, कुशल अटेंडेंट द्वारा प्रसव कराना, जन्म के पहले एक घंटे में बच्चों को स्तनपान कराया जाना, अल्पवजन वाले जन्मे बच्चों की संख्या, डायरिया पीड़ित बच्चों का ईलाज, टीकाकरण, टीबी, कुष्ठ व मलेरिया के मिले मरीजों व उनके ईलाज की स्थिति, आयुष्मान भवः अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रत्येक माह लगनेवाले स्वास्थ्य मेला, ग्राम स्तर लगाये गये स्वास्थ्य मेलों की संख्या, स्वास्थ्य उपकेंद्रों के निर्माण आदि की स्थिति की समीक्षा विस्तारपूर्वक की गयी। उपायुक्त द्वारा नियमित रूप से प्रसव पूर्व जांच का कवरेज बढ़ाये जाने, संस्थागत प्रसव में प्रगति लाने, नियमित रूप से गर्भवती महिला की मॉनिटरिंग समेत अन्य निदेश दिये गये। ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट किस्को के निर्माण कार्य हेतु आवश्यक निदेश उपायुक्त द्वारा दिये गये। बैठक में सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, डीपीएम हेल्थ, सभी संबंधित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के अंतर्गत दिनांक 27/10/2023 से 09/12/2023 तक आयोजित होने वाले घर-घर भ्रमण सर्वेक्षण कार्यक्रम संबंधी बैठक हुई। अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार द्वारा जिला शिक्षा अधीक्षक को निदेश दिया गया कि विद्यालयों में जो प्री फील्ड फॉर्म-06 दिये गये हैं उन्हें पूर्ण रूप से भर कर सभी प्रखंड मुख्यालय में जल्द भेजा जाय ताकि तय समय में कार्य पूर्ण हो सके। साथ ही बताया गया कि इस वर्ष 28 व 29 अक्टूबर और 4 व 5 नवंबर को इस संबंध में मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान चलाया जायेगा। इस वर्ष 28 नवंबर आदिम जनजाति समूह, 29 नवंबर को गृहविहीन व्यक्तियों के लिए, 30 नवंबर को 80 वर्ष की उम्र से अधिक और वरिष्ठ नागरिकों के लिए अभियान चलाया जायेगा। 02 दिसंबर 2023 को तृतीय लिंग और यौन कर्मियों के लिए अभियान चलाया जायेगा। वहीं 03 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगों के लिए फोकस अभियान दिवस संचालित किया जायेगा।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 27 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in
09

# चौकीदार की 226 रिक्तियों के लिए 20 हजार के करीब आवेदन

**कई डिग्री प्राप्त कर चुके अभ्यर्थी चौकीदार की तैयारी में लगे हुए हैं।**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** चौकीदार के लिए 226 पदों पर सीधी भर्तियां होनी हैं। मगर बेरोजगारी का आलम यह है कि अब तक लगभग 15000 अभ्यर्थियों ने इस छोटे से मानदेय वाली नौकरी के लिए अपना आवेदन जमा किया है। यहां तक कि मैट्रिक पास से लेकर हाई लेवल की शैक्षणिक योग्यता रखने वाले अभ्यार्थियों ने भी इस बहाली प्रक्रिया को लेकर फॉर्म भरने में लगे दिखाई दे रहे हैं। कई डिग्री प्राप्त कर चुके अभ्यर्थी चौकीदार की तैयारी में लगे हुए हैं। बहाली में सर्वप्रथम लिखित परीक्षा ली जानी है। इसके बाद दौड़ और शारीरिक योग्यता की जांच कराई जायेगी। इसमें उत्तीर्ण होने के बाद अभ्यर्थियों का मेडिकल जांच किया जायेगा। अंत में मेरिट लिस्ट के आधार पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। हैरत करने वाली बात तो यह है कि अभी फार्म भरने में चार दिन और बाकी रह गये हैं। एक अनुमान के मुताबिक फार्म भरने वालों का आंकड़ा 20 हजार के पार जा सकता है। बता दें कि माननीय उच्च न्यायालय झारखंड रांची के द्वारा एक याचिका भगवान महतो बनाम झारखंड राज्य और अन्य के पारित आदेश तथा गृह कारा और आपदा प्रबंधन विभाग झारखंड रांची के अधिसूचना के आलोक में परित न्यायाधीश के अनुपालन में गुमला जिले में ग्रामीण चौकीदार के कुल 226 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती निकाली गयी है। जिसमें आवेदन भरने को लेकर गुमला थाना, डाकघर, व एसपी कार्यालय में अभ्यर्थियों की भारी भीड़ देखी जा रही है। इसमें पुरुष व महिला दोनों शामिल हैं। वही फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2023 है। जिसको लेकर जिले के ब्लॉक, थाना, डाकघर और एसपी कार्यालय में महिला व पुरुषों की भारी भीड़ देखी जा रही है। वही अनुसूचित जाति के लिए 7 अनुसूचित जनजाति के लिए 106 अनारक्षित के लिए 90 और अन्य कोटी वर्ग के लिए 23 पद निर्धारित है। वही चौकीदार पद नियुक्ति हेतु न्यूनतम उम्र सीमा 18 वर्ष जब की अधिकतम उम्र सीमा 40 वर्ष निर्धारित है।

इसमें पंचायत वार बहाली की प्रक्रिया की जायेगी। फार्म जमा करने की अंतिम तिथि के लिए अभी चार दिन शेष बचे हैं। इससे जिले की बेरोजगारी को काफी हद तक समझा जा सकता है।

## बज्म-ए-रब्बानी का लंगर-ए-गौसिया कार्यक्रम आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**सैय्यदी सरकार अहमद रब्बानी होंगे कार्यक्रम में शामिल**

**गुमला।** बज्म ए रब्बानी के द्वारा ग्यारहवीं शरीफ के उपलक्ष्य में बाजार टांड गुमला में कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। शुक्रवार यानी 27 अक्टूबर को न्याज-ए-गौसे आजम और अजीमुशशान लंगर-ए-गौसिया का आयोजन किया गया है। जिसकी प्रातः 11:30 बजे बाजार टांड़ गुमला में नात ख्वानी व मनकबत ख़्वानी, न्याज - ए - गौसे आजम बाद नमाज - ए-जुमा, इसके बाद हजरत मुहम्मद पर सलातो सलाम के बाद अजीमुशशान लंगर - ए - गौसिया की व्यवस्था की गई है। लंगर बाद नमाजे जुमा से मगरिब तक जारी रहेगा। कमेटी ने तामामी लोगों से अनुरोध किया है कि लंगर - ए - गौसिया में जरूर शिरकत दें। बताया गया कि महिलाओं के लिए भी अलग से लंगर - ए गौसिया की व्यवस्था की गयी है। यह कार्यक्रम सैय्यदी सरकार अहमद रब्बानी की सरपरस्ती में सम्पन्न किया जायेगा। साथ ही स्थानीय उलमा भी कार्यक्रम में शरीक होंगे।

## सिसई में हाइवोल्टेज तार की हो गयी चोरी

**सिसई (आजाद सिपाही)।** बरगांव नदीटोली में बीते बुधवार रात 10 से 11 पोल का 33 केवी थ्री फेज हाई वोल्टेज तार की चोरी कर ली गई। इस बावत बिजली विभाग के जेई कृष्ण कुमार ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध सिसई थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में कहा गया है कि विभाग के मानव दिवस कर्मी अमरजीत महतो ने फोन पर जानकारी दी की बरगांव नदीटोली में पालकोट रोड़ गुमला स्थित पावर ग्रिड से सब स्टेशन करकरी आने वाले 33 केवी के तीनों फेज का 10 से 11 पोल का वायर की चोरी बुधवार रात कर लिया गया है। चोरी हुए तार की अनुमानित कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपए है। कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। चार महीने से क्षेत्र में बिजली तार की चोरी हो रही है।

## बसिया थाना से दो एसआइ निलंबित, कर्तव्यहीनता का लगा आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिना रिश्वत लिए पायल गुप्ता ने उनका कोई काम नहीं लिया।**

**गुमला।** बसिया थाना में पदस्थापित दो सब इंस्पेक्टर निलंबित कर दिए गए। निलंबित सब इंस्पेक्टरों में पायल गुप्ता एवं भानु कुमार भारती के नाम शामिल हैं। इन्हें वैसे तो कर्तव्यहीनता के आरोप में निलंबित किया गया है। लेकिन अब क्षेत्र के कई पीड़ितों ने इनके काले कारनामोन को लेकर मुंह खोलना शुरू कर दिया है। बताया गया कि बसिया थाना में वर्ष 2018 बेंच के दो सब इंस्पेक्टरों के खिलाफ कार्य मे लापरवाही बरतने का गंभीर आरोप लगने के उपरांत उक्त दोनों पुलिस पदाधिकारियों को गुमला एसपी द्वारा सस्पेंड करने हुए लाइन हाजिर कर दिया गया। लोगो की माने तो पायल गुप्ता के विरुद्ध कार्य के दौरान अनेक शिकायत मिल रही थी उनके विरुद्ध कुछ माह पूर्व भी एक टेम्पू वाले ने आरोप लगाया था कि उनके टेम्पू से पायल गुप्ता की कार में हल्का धक्का लगने पर कानूनी प्रक्रिया अपनाये बिना भी अपने पद का दुरूप्रयोग करते हुए टेम्पू मालिक पर गाड़ी बनवाने का दबाव बनवाया गया था। एक पीड़ित ने यह भी बताया कि बिना रिश्वत लिए पायल गुप्ता ने उनका कोई काम नहीं लिया। और पुलिस पदाधिकारी के खिलाफ कोई शिकायत करना बिल्ली के गले में घंटी बांधने जैसा है, इस लिए इस परिवार ने दो बार पीड़ित होने के बावजूद किसी से इनकी शिकायत कहीं दर्ज नहीं कराया। दुर्गा पूजा के समय कर्तव्यहीनता की शिकायत के बाद गुमला एसपी द्वारा पायल गुप्ता समेत भानु कुमार भारती को निलंबित कर दिया।

# नौकरी दिलाने के नाम पर दो महिलाओं ने कई लोगों से की ठगी

**आफरीन के निर्देश पर गांव के हर वार्ड से दो-दो शिक्षक नियुक्त करने की बात कही गयी।**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के फोरी गांव निवासी दिलशाद बक्स ने नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे ठगी करने के आरोप में टोटो निवासी आफरीन निशा और लोहरदगा कैरो निवासी फरहाना निशा के विरुद्ध गुमला थाना में प्राथमिक की दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिक की में कहा है कि आफरीन निशा पहले से जान पहचान की है उसने मुझे 11 अगस्त 2023 को मेरे मोबाइल पर फोन कर बताया कि स्वामी विवेकानंद एजुकेशन चैरिटेबल ट्रस्ट योजना के अंतर्गत फोरी पंचायत में फील्ड ऑफिसर के पद पर आपका चयन हो जायेगा। इसके लिए उसने मेरा शैक्षणिक प्रमाण पत्र ले लिया। फॉर्म में नामांकन के लिये 2 हजार फरहाना निशा को ऑनलाइन भुगतान कर दिया। आफरीन के निर्देश पर गांव के हर वार्ड से दो-दो शिक्षक नियुक्त करने की बात कही गई। प्रक्रिया पूर्ण होने पर आफरीन निशा ने मुझे व्हाट्सएप पर मेरा नियुक्ति पत्र आई कार्ड पंजीयन कार्ड भेज दिया जिसके बाद हम लोग फोरी में 16 वार्ड से 32 शिक्षक व शिक्षिका की नियुक्ति हेतु उनके शैक्षणिक दस्तावेज का छाया प्रति एवं आवेदन शुल्क प्रति व्यक्ति 2 हजार की मांग किया। इसके बाद 66 हजार आफरीन निशा एवं फरहाना निशा को ऑनलाइन भुगतान किया। इधर एक माह बीतने के बाद भी कार्य शुरू नहीं किया गया तो हम लोगों ने आफरीन निशा को कहा तो वह टाल मटोल करती रही। काफी दबाव देने के बाद अक्टूबर में कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया। जब उक्त तिथि को कार्य शुरू नहीं हुआ तो हम लोग उसके घर जाकर छानबीन किए। तब पता चला कि आफरीन निशा गांव छोड़कर चली गई है और उसके नंबर पर कॉल करने पर रिसीव नहीं कर रही है। इसके बाद जांच पड़ताल के बाद पता चला कि अंबवा के शबनम खातून को भी गांव में फील्ड ऑफिसर नियुक्त किया गया था उसने भी आफरीन निशा एवं फरहाना निशा को ऑनलाइन के माध्यम से लगभग 35 हजार रुपए दिया। उर्मी के खुशी कुमारी से 42 हजार टोटो के हिना परवीन से 50 हजार इस प्रकार नौकरी के नाम पर अन्य कई लोगों से ठगी किया गया। वहीं पीड़ित ने गुमला थाना को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

# दुर्गा पूजा समिति ने किया रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** दुर्गा पूजा समिति उर्मी, अरमई और डुमरडीह के द्वारा दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर गुंज झारखंड सांस्कृतिक कला मंच पिठौरिया रांची के द्वारा सतीश रजक के संरक्षण में दुर्गा भजन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। वही कार्यक्रम का उद्घाटन सदर थाना के प्रभारी विनोद कुमार, भाजपा जिला महामंत्री मिशिर कुजुर, अरमई पंचायत के मुखिया हिरा देवी, बृन्दा पंचायत के मुखिया सत्यवती देवी और समिति के अध्यक्ष जगलाल प्रसाद के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप जलाकर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया।

कार्यक्रम के आरम्भ में उर्मिला मोहन्ती के द्वारा दुर्गा भजन व मारुति नंदन भक्ति गीतों के साथ सभी श्रोताओं मन मोह लिया। वही जैसे - जैसे रात होते गया वैसे-वैसे गुंज झारखंड सांस्कृतिक कला मंच के कलाकार नितेश कच्छप, जलेश, सफू नायक, ठेठनागपुरी में फुलमनी देवी, और डांस में काजल, सोना, बर्षा और गुमला से प्रकाश सिंह इन लोगों के द्वारा नागपुरी भोजपुरी व फिल्मी गीतों और नृत्य से सभी दर्शकों का मनोरंजन किया गया। वही दर्शक रात भर संगीत और डांस कर झुमते नजर आए। सैकड़ो की संख्या में दर्शकों की भीड़ ने रात भर कार्यक्रम का आनंद लिया। गुरुवार की सुबह कार्यक्रम का समापन किया गया। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दुर्गा पूजा समिति के सचिव संदीप प्रसाद ने समिति के पदाधिकारियो और सदस्यों की ओर से दर्शकों को हार्दिक शुभकामना गयी।

## अतिथियों को अंग वस्त्र दे कर सम्मानित किया गया



कार्यक्रम में आए उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए गुमला थाना प्रभारी विनोद कुमार ने कहा मेरा कई जगह में ड्यूटी लगा है लेकिन गुमला आकर मुझे अपने परिवार जैसा माहौल मिला गुमला के लोग बहुत ही सुलझे हुए हैं। यहां काम करने में अच्छा लगता है। गुमला जैसे छोटे जगह को मैं कभी नहीं भूल सकता। वहीं भाजपा नेता मिसिर कुजूर ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा हमें इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन से एक दूसरे से मिलने का मौका मिलता है वही अपने परंपरा, रीति रिवाज व संस्कृति को देखने व जिंदा रखने की प्रेरणा भी मिलती है। इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन से लोगों का भक्ति के साथ मनोरंजन भी होता है। कार्यक्रम को पूजा समिति के अध्यक्ष जग लाल प्रसाद, वृंदा पंचायत के मुखिया, अरमई पंचायत के मुखिया, दैनिक जागरण के पत्रकार निर्मल सिंह, न्यूज 11 के पत्रकार किशोर जैसवाल, सहित अन्य मंचासीन अतिथियों ने भी संबोधित किया। जिसके बाद कार्यक्रम का शुरूआत किया गया।

## अजान के सम्मान में मां दुर्गा विसर्जन का जुलूस रुका, डीजे को भी किया बंद

# मुस्लिम समुदाय ने कहा, गुमला में बसती है असली भारत की आत्मा

आफताब अंजुम






**गुमला (आजाद सिपाही)।** न हिन्दू बसते हैं इसमें न मुसलमान बसते हैं, ये भारत है, मेरे इस देश में इंसान बसते हैं.... किसी कवि की ये पंक्तियां गुमला वासियों के लिए पूर्णतः चरितार्थ करती हैं। अगर दशहरा के जुलुस का स्वागत अंजुमन के पदाधिकारी आगे बढ़ कर करते हैं तो हिन्दू पक्ष भी मानवता व भाईचारा निभाने में पीछे नहीं हैं। गंगा यमुना तहजीब की जिन्दा मिसाल तो तब देखने को मिली जब दुर्गा पूजा के बाद मूर्ति विसर्जन को लेकर निकली विसर्जन जुलूस थाना रोड स्थित जामा मस्जिद पहुंचा। जिस समय जुलुस मस्जिद के समीप पहुंचा ठीक उसी समय अजान का समय था और मस्जिद में अजान होने लगी। जुलुस में शामिल हिन्दू भाइयों ने अजान की आवाज सुनते ही डीजे बंद कर दिया। और अजान खत्म होने का इंतजार करते रहे। इस सौहार्दपूर्ण भाईचारगी का मिसाल पेश किये जाने का चर्चा आज केवल गुमला ही नहीं बल्कि आसपास के कई जिलों में चर्चा का विषय बना हुआ है। हिन्दू भाइयों के इस भाईचारे वाले सन्देश पर बज्मे रब्बानी कमेटी ने तहे दिल से शुक्रिया अदा किया है। और कमेटी ने उम्मीद जताई है कि आने वाले समय में भी इसी तरह के सौहार्द पूर्ण माहौल गुमला में हमेशा की तरह दिखने को मिलेगा। इस मामले के चश्मदीद हसन रब्बानी, साहेब रब्बानी, वसीम रब्बानी और मौलाना इब्राहिम रब्बानी ने बताया कि बुधवार को शहर के विभिन्न पूजा पंडालों से मूर्ति विसर्जन जुलूस निकली थी जो शहर का भ्रमण कर रही थी। इसी दौरान जुलूस थाना रोड स्थित जामा मस्जिद के पहुंची ही थी की शाम मगरिब की अजान होने लगी। वहीं अजान की आवाज सुनते ही विसर्जन जुलूस में शामिल लोग डीजे बंद कर दिये। जुलूस अजान खत्म होने तक वहां पर रुकी और शामिल लोग अजान खत्म होने का इंतजार करने लगे इसके बाद अजान खत्म होते ही पुनः जुलूस चल पड़ी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### अभय और जेडी नायक ने सीओ से मुलाकात की



**बसिया (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को बसिया सर्कल पुलिस इंस्पेक्टर एसएन मंडल, कॉग्रेस के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सह डीलर संघ के अभय चौधरी और कॉग्रेस नेता जेडी नायक द्वारा सीओ नरेश मुंडा से गुलदस्ता देकर शिष्टाचार मुलाकात किये। इस दौरान क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति समेत अन्य विषयों पर चर्चा किया गया। इसके पूर्व अभय चौधरी और जेडी नायक द्वारा बीडीओ सुप्रिया भगत से भी गुलदस्ता देकर मुलाकात किया गया।

### कसीरा नदी में डूबने से एक व्यक्ति की हुई मौत



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के कसीरा नदी में गुरुवार दिन के 11:00 बजे मवेशी चरा रहे कुछ लोगों ने एक शव को पानी में तैरते देखा। घटना की जानकारी ग्रामीणों को हुई जिसके बाद घटना की जानकारी कसीरा मुखिया ने गुमला थाना को दी। वहीं पुलिस के पहुंचने से पूर्व मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी। मृतक की फोटो व्हाट्सएप ग्रुप में डालने के बाद कुछ लोगों ने उसे पहचाना। वही मृतक की पहचान कुलाबीरा बरटोली निवासी 70 वर्षीय मोगो खड़िया पिता स्वर्गीय पाकू खड़िया के रूप में हुई। वही गुमला थाना के एस आई रवि शंकर घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भिजवाया। वहीं सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बारे में जानकारी देते हुए मृतक के पुत्र ने बताया बुधवार को पिताजी घाडमुड़िया बाजार गये थे। बाजार से अपने समधी के घर मूसा टोली जा रहे थे। वही रास्ते में कसीरा नदी के छलटा में फिसल कर गिर गये। वही पानी में डूबने से उनकी मौत हो गयी। वहीं परिजन मूसा टोली नहीं पहुंचने पर काफी खोजबीन किया लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला। इसके बाद गुरुवार दिन के 11:00 बजे परिजनों को सूचना मिली की एक व्यक्ति का शव कसीरा नदी में मिला है।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर विशेष कैंप



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को बीएलओ की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ दिनेश कुमार ने की। बैठक में बीडीओ ने बताया की मतदाता सूचि पुनरीक्षण को लेकर 27 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक विशेष कैंप की जानी है। जिसमें सभी बीएलओ अपने बूथ में रहकर नाम जोड़ने-हटाने और संसोधित करने हेतु प्रपत्र 6, 7, 8 भरने का काम करेंगे। इसके साथ ही इसके प्रचार प्रसार के लिए विभाग द्वारा मिले पोस्टर बैनर को जगह-जगह लगाए और जागरूकता अभियान चला कर लोगों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की बात कही। ताकि कोई भी इस अभियान से ना छूटे। इस मौके पर उपस्थित लोगों में बीपीआरओ शंकर, ज्योतिलाल, बीएलओ श्याम साहू, नोरबेता टोप्पो, सावित्री सहित कई बीएलओ उपस्थित थे।

### लाभुकों के बीच चना और सरसों का वितरण



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित कृषि तकनीकी सूचना केंद्र में गुरुवार को किसानों व टाना भगतो के 50 लाभुकों को चना व सरसों वितरण किया गया। जहां मौजूद मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने किसानों को चना व सरसों का वितरण करने के पश्चयात कहा की तकनीकी खेती करके किसान अब खुद को संभाल बना रहे हैं। आर्थिक रूप से भी मजबूती मिल रही है। किसानों को सलाह देते हुए प्रमुख ने कहा कि मिले हुए इस बीज पर थोड़ी मेहनत और तकनीकी से खेती करें। वहीं मौजूद बीटीएम नीरज कुमार ने बताया कि 30 किसानो को बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत चन व एनएफएसएम योजना के तहत 20 टाना भगतो के बीच सरसो दिया गया है। किसान अपने खेतों में चना और सरसों की खेती लगाकर आय को दुगनी करें और उसका लाभ उठाएं। इस मौके पर एटीएम शुभम मिंज, पूनम, रुपनी, सावित्री सहित कई किसान टाना भगत उपस्थित थे।

### लक्ष्मण साहू बने जालान महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य



**सिसई (आजाद सिपाही)।** बैजनाथ जालान महाविद्यालय सिसई के भुगोल विभागाध्यक्ष प्रो लक्ष्मण साहु महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य बने। इसके पहले प्रो लक्ष्मण साहु महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रण थे। इनके स्थान पर परीक्षा नियंत्रक प्रो बंधु भगत को बनाया गया है। आज गुरुवार को प्रो लक्ष्मण साहु ने प्रभारी प्राचार्य का प्रभार डॉ आदित्य विक्रम देव से ग्रहण किया। प्रभारी प्राचार्य का पदभार ग्रहण करने पर प्रो लक्ष्मण साहु को महाविद्यालय परिवार की ओर से फूल-माला पहनाकर व बुके देकर स्वागत किया गया, और बधाई दी।

### विशेष शिविर का बीडीओ ने निरीक्षण किया



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के आदर राजकीय उच्च विद्यालय में आदिम जनजाति के लोगों के लिए लगे विशेष शिविर का बीडीओ ने गुरुवार को निरीक्षण किया। शिविर में पेंशन, राशन कार्ड, आधार कार्ड, आई-श्रम एवं आयुष्मान कार्ड में नाम जोड़ने-हटाने एवं नया बनाने के लिए आवेदन स्वीकृत कर तत्काल निष्पादन के लिए आवेदन लिया गया। साथ ही नई मतदाताओं को जोड़ने, मृत व्यक्तियों के नाम हटाने व संशोधित करने हेतु प्रपत्र 6,7,8 फॉर्म भी भरा गया। जहां उपस्थित मुखिया, पंचायत कर्मी ने बीडीओ को जानकारी देते हुए बताया कि पेंशन से संबंधित 16 राशन कार्ड, 7 आधार कार्ड, 1 ई-श्रम कार्ड, 1 आयुष्मान कार्ड के आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर पंचायत के कर्मी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

